>

Title: Need to set up a Bench of the High Court of Bombay at Kolhapur - Laid

श्री संजय सदाशिव मांडलिक (कोल्हापुर): सभापति महोदया, मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र कोल्हापुर और आस-पास के पाँच जिलों- सांगली, सोलापुर, सातारा, रत्नागिरी और सिंधु-दुर्ग में अदालतों में लंबित मामलों की संख्या दस लाख के करीब पहुँच गयी है । अभी तक यहाँ के लोगों को अपने न्याय एवं हक के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट जाना पड़ता है । जैसा कि सर्वविदित है कि मुम्बई एक महँगा शहर है और कोल्हापुर से बॉम्बे हाई कोर्ट की दूरी लगभग 400 किलोमीटर है । हमारी न्याय प्रक्रिया बहुत जटिल होने के साथ-साथ इसमें काफी समय भी लगता है, जिससे इस क्षेत्र की आम गरीब जनता और सरकारी कर्मचारियों को अपने न्याय एवं हक के लिए मुम्बई के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उनका काफी समय और अत्यधिक धन खर्च हो जाता है । इसमें से अधिकांश लोग बीच में ही न्याय प्रक्रिया को छोड़कर अलग हो जाते हैं ।

कोल्हापुर के पूर्व सांसद स्वर्गीय श्री सदाशिवराव दादोबा मांडलिक जो मेरे पिताजी भी थे, उन्होंने इस संसदीय क्षेत्र का चार बार प्रतिनिधित्व किया था । उन्होंने भी पूर्व में संसद के भीतर और बाहर इस मांग के लिए संघर्ष किया था । केन्द्र सरकार द्वारा गठित जसवंत कमेटी और बॉम्बे उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायमूर्ति मोहित शाह ने भी बॉम्बे उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ कोल्हापुर में स्थापित करने के लिए कहा था । इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र सरकार ने 19 जनवरी, 2019 को बॉम्बे उच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश को कोल्हापुर में बॉम्बे उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ स्थापित करने का आग्रह किया है ।

अत: मैं सरकार से यह मांग करता हूँ कि इस क्षेत्र की जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने हेतु जल्द से जल्द बॉम्बे उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ कोल्हापुर में स्थापित की जाए ।